हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 21 मार्च 2026

11 जल बैठकें कर गांव का पेयजल मैप तैयार करें



12 बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों का नुकसान...



शिक्षा विभाग अपने निर्देशों पर अगर उतरा खरा तो प्राइवेट स्कूलों की फीस राशि पर मनमानी करने में किसी हद तक लगेगी रोक

# अब फॉर्म-6 अनिवार्य : निजी स्कूलों की फीस पर शिकंजा, नियम तोड़े तो मान्यता पर भी पड़ेगा असर

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों की फीस व्यवस्था को पारदर्शी और नियंत्रित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के लिए फॉर्म-6 ऑनलाइन भरना अनिवार्य कर दिया है।

इस संदर्भ में वीरवार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित प्रारूप और दिशा-निर्देशों के अनुसार ही फीस संरचना घोषित करनी होगी अन्यथा संबंधित विद्यालयों पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से वीरवार जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों में इस प्रक्रिया को सुनिश्चित करें।

विभागीय पोर्टल पर 'फॉर्म 6 ऑनलाइन' के माध्यम से विद्यालयों को आवेदन करना होगा। इसके लिए स्कूलों को अपने एमआईएस पोर्टल के यूजरनेम और पासवर्ड का उपयोग करना होगा।

यदि किसी विद्यालय को लॉगिन में समस्या आती है तो वह पासवर्ड रीसेट की सुविधा का उपयोग कर सकता है। अपने आदेशों में निदेशालय ने स्पष्ट किया गया है कि फीस संरचना में पारदर्शिता सर्वोपरि रहेगी। इसमें मुख्य रूप से पंजीकरण शुल्क, दाखिला शुल्क और परीक्षा शुल्क जैसे सीमित घटक शामिल होंगे। ट्यूशन फीस को अलग से स्पष्ट रूप से दर्शाना होगा। वहीं परिवहन, बोर्डिंग, भोजन, शैक्षणिक भ्रमण तथा अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित शुल्कों को वैकल्पिक श्रेणी में रखा जाएगा, जिन्हें केवल इच्छुक विद्यार्थियों से ही वसूला जा सकेगा।

### क्या कहते हैं डीईओ



डीईओ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि इस सूचना को जिला के सभी प्राइवेट स्कूलों के पास भेज दिया है और निर्देश दिए है कि सभी विद्यालय निर्धारित अंतिम तिथि तक फॉर्म-6 को ऑनलाइन भरकर फाइनल सबमिट करें। यह निर्णय निजी विद्यालयों की फीस प्रणाली में अनुशासन और पारदर्शिता लाने की दिशा में अहम साबित होगा। इससे जहां अभिभावकों को राहत मिलेगी।

### निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क नहीं वसूल सकेगा स्कूल

विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी विद्यालय निर्धारित शुल्कों के अतिरिक्त अन्य कोई अनिवार्य शुल्क नहीं वसूल सकेगा। ऐसा पाए जाने पर संबंधित विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक विद्यालय को अपनी फीस संरचना को सार्वजनिक रूप से नोटिस बोर्ड और अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा, ताकि अभिभावकों को पूरी जानकारी पारदर्शी तरीके से मिल सके।

### सार्वजनिक करने में विफल होने पर फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि सभी विद्यालय निर्धारित अंतिम तिथि तक फॉर्म-6 को ऑनलाइन भरकर फाइनल सबमिट करें। केवल अंतिम रूप से जमा किया गया आवेदन ही मान्य होगा। यदि कोई विद्यालय फॉर्म-6 भरने या उसे सार्वजनिक करने में विफल रहता है, तो उसे संबंधित शैक्षणिक सत्र में फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इतना ही नहीं, गंभीर लापरवाही की स्थिति में विद्यालय के एमआईएस/ईआरपी एक्सेस को अस्थायी रूप से बंद करने जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग पर हमले के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने रघुनाथपुरा में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी व डंडों से हुए जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित सुनील वासी डोहर कलां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि जमीनी विवाद को लेकर आरोपितों ने शिकायतकर्ता पर हमला किया था।
रघुनाथपुरा निवासी 60 वर्षीय सतीश कुमार मेहनत मजदूरी का काम करता है। जब वह अपने प्लॉट पर मौजूद था, तभी उसके पड़ोसी व एक अन्य व्यक्ति ने कुल्हाड़ी, लकड़ी के डंडे व लोहे की रॉड से उस पर अचानक हमला कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में मिला शव

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ रोड स्थित निजी स्कूल के सामने बने नाले में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान मृतक की पहचान गुरुग्राम के पहाड़ी गांव निवासी करीब 44 वर्षीय रविंद्र के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने तुरंत मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजन नारनौल पहुंचे और उन्होंने शव की पहचान की पुष्टि की। गुरुवार शाम को सूचना मिली कि नाले में शव पड़ा हुआ है।

### शहीदी दिवस 23 मार्च को

**नारनौल।** शहीद ए आजम भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर 23 मार्च को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन व श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के संयुक्त तत्वावधान में वाल्मीकि भवन में सभा आयोजित की जाएगी। सभा को किसान मजदूरों के नेता कामरेड ओमप्रकाश सम्बोधित करेंगे। एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह, एआईकेकेएमएस जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह, एआईडीवाइओ जिला संयोजक सतीश कुमार ने शहीद दिवस पर वाल्मीकि भवन में पहुंचने की अपील की है।

मोबाइल एप से ऑनलाइन होगा पूरा डाटा दर्ज, गड़बड़ी पर लगेगी रोक

# रबी खरीद में बड़ा बदलावः अब किसान और वाहन की फोटो भी होगी अनिवार्य

- 28 मार्च से सरसों और एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू
- कर्मचारियों की कमी बनी चुनौती, मंडियों में बढ़ रही आवक

राजकुमार ▶▶ नारनौल

रबी सीजन-2026 की खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और गड़बड़ी मुक्त बनाने के लिए सरकार ने इस बार कई बड़े बदलाव किए हैं। पहली बार ऐसा होगा, जब मंडी में फसल बेचने आने वाले किसान और उनके साथ आए वाहन की फोटो खींचकर रिकॉर्ड में दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही पूरी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए विशेष मोबाइल एप तैयार की गई है, जिसके माध्यम से रियल टाइम में डाटा ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा।

सरकार का उद्देश्य फर्जी खरीद, बिचौलियों की दखल और रिकॉर्ड में हेराफेरी जैसी समस्याओं पर अंकुश लगाना है। इसी दिशा में 'जीयो फेंसिंग' प्रणाली को भी लागू किया जा रहा है। इस तकनीक के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसान वास्तव में मंडी परिसर में मौजूद है या नहीं। इससे फर्जी एंट्री और कागजी खरीद पर पूरी तरह रोक लगाने में मदद मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत जब किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचेगा तो उसकी फोटो के साथ-साथ उसके वाहन- चाहे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप या अन्य कोई साधन हो, की भी नंबर सहित फोटो ली जाएगी। यह डाटा सीधे ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इससे यह ट्रैक किया जा सकेगा कि कौन किसान कब और किस वाहन से फसल लेकर आया है।



नारनौल। अनाज मंडी में पहुंची सरसों की खरीद करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसान को खुद मंडी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। हालांकि, यदि किसी कारणवश किसान स्वयं नहीं आ पाता है तो वह अधिकतम तीन व्यक्तियों को अटॉर्नी (अधिकृत प्रतिनिधि) देकर फसल बेचने की अनुमति दे सकता है।

### जीयो-फेंसिंग से होगी निगरानी

जीयो-फेंसिंग तकनीक के तहत मंडी क्षेत्र को डिजिटल सीमा में बांधा जाएगा। जब भी किसान या संबंधित डिवाइस इस निर्धारित क्षेत्र में प्रवेश करेगा, तभी उसकी उपस्थिति दर्ज मानी जाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह वास्तविक और पारदर्शी रहे।

### मंडी में सरसों की आवक शुरू

मंडी में पिछले तीन दिनों से सरसों की आवक शुरू हो चुकी है और फिलहाल आढ़तियों के माध्यम से इसकी बिक्री 6000 से 6200 रुपये प्रति क्विंटल के बीच हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि यदि सरसों में तेल की मात्रा 42 प्रतिशत तक पाई जाती है तो वे 6525 रुपये प्रति क्विंटल तक का भाव देने को तैयार हैं।

### अच्छी पैदावार से बढ़ी उम्मीदें

पूरे सीजन मौसम अनुकूल रहने के कारण सरसों की फसल को कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है। किसानों को अच्छी पैदावार मिलने की उम्मीद है और तेल की मात्रा भी अधिक बताई जा रही है। इससे किसानों को बेहतर दाम मिलने की संभावना बनी हुई है।

### यह बोले व्यापारी

*मंडी के व्यापारी देवकीनंदन हरीश कुमार के देवकीनंदन अग्रवाल ने बताया कि आढ़ती के यहां किसान कभी भी सरसों बेच सकते हैं। मंडी में चार दिनों से सरसों आ रही है। आज बरसात से कम आवक रही। सरसों के दो 6250 रुपये से लेकर 6525 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदने को तैयार हैं। दाम तेल की मात्रा मापने उपरांत निर्धारित किया जाएगा। सरसों साफ-सुथरी एवं सूखी होनी चाहिए। बता दें कि इस सीजन में पहली बार मंडी में 17 मार्च को 312 क्विंटल, 18 मार्च को 878 तथा 19 मार्च को 442 क्विंटल सरसों मंडी पहुंच चुकी है।*

### यह बोली सचिव

*अबकी बार नए नियमों से फसल खरीद की तैयारी की जा रही हैं। बीते मंगलवार को चंडीगढ़ में ट्रेनिंग हो चुकी है। अबकी बार खरीद में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। किसान एवं वाहन की नंबरो सहित फोटो अनिवार्य की गई है। मंडी नहीं आ पाने वाले किसानों को तीन अटॉर्नी नियुक्त करने की छूट दी गई है।*
*-नुकुल यादव, सचिव, मार्केट कमेटी, नारनौल*

### खरीद तिथियां तय, लेकिन स्टाफ की कमी चिंता

सरकारी खरीद 28 मार्च से सरसों और एक अप्रैल से गेहूं के लिए शुरू होगी। हालांकि मंडियों में कर्मचारियों की कमी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। बढ़ती आवक और नई तकनीकी व्यवस्था के बीच सीमित स्टाफ के चलते कामकाज प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

### एमएसपी में बढ़ोतरी, किसानों को राहत

सरकार ने इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी बढ़ोतरी की है। सरसों का भाव 6200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो पिछले साल के 5950 रुपये की तुलना में 250 रुपये अधिक है। वहीं गेहूं का रेट 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो पिछले वर्ष के 2425 रुपये से 160 रुपये ज्यादा है।



नारनौल। हरी झंडी दिखाते विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

विधायक ने टैम्पो को दिखाई हरी झंडी

# नए टेंडर के अधीन डोर-टू-डोर कूड़ा-कचरा संग्रहण कार्य शुरू

*नई कंपनी के टैम्पो को विधायक ने रवाना करते हुए कहा...शहर होगा अब पूरी तरह स्वच्छ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के विकास और स्वच्छता को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार से नगर परिषद की ओर से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के नए टेंडर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश यादव ने नारियल तोड़ टैम्पो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी मौजूद रही। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नई कंपनी को टेंडर दिया गया है।

पुरानी कंपनी का टेंडर 31 मार्च को खत्म हो रहा है। उससे पहले ही नई कंपनी ने कार्यभार संभाल लिया है, ताकि शहरवासियों को एक दिन की भी परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को गंदगी से निजात दिलाने और सफाई व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए इस नए टेंडर के तहत बेड़े में नए और आधुनिक साधन शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सफाई व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए नए टेंडर के साथ नए संसाधन जोड़े गए हैं, जिससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी।

चेयरपर्सन ने शहरवासियों से कहा कि नगर परिषद शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए दिन-रात प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नए संसाधनों के आने से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और हर वार्ड तक नगर परिषद की पहुंच सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि नए टेंपो गली-गली जाकर कचरा संग्रहण करेंगे। इसी प्रकार नई जेसीबी मशीनें भारी कचरे और मलबे के निस्तारण हेतु लगाई जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह, कार्यकारी अधिकारी जोगिंद्र सिंह कालीरमन, सफाई इंचार्ज सत्येंद्र, जेई विकास शर्मा, सफाई शाखा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जुआं खेलते चार आरोपितों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सीआईए ने शहर में ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआं खेलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जबकि पांच अन्य मौके से भाग गए। सीआईए को गुप्त सूचना मिली थी कि सोनू अपने मकान में साथियों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर जुआं खिला रहा है। सीआईए ने देर रात उक्त मकान पर छापेमारी की, तो वहां कई लोग रुपयों की बाजी लगाकर जुआं खेलते हुए पाए गए।

पुलिस की इस अचानक हुई छापेमारी के दौरान चार जुआरियों को मौके से ही काबू कर लिया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान विजेंद्र, दीपक, सुनील व रामबहादुर के रूप में हुई। वहीं पुलिस टीम को देखकर मकान मालिक सोनू सहित पांच अन्य व्यक्ति मकान की छत के रास्ते से कूदकर भाग गए। पुलिस ने मौके व काबू किए गए आरोपितों की तलाशी के दौरान कुल एक लाख पांच हजार 400 रुपये की नकदी, 52 ताश के पत्ते, छह मोबाइल फोन बरामद किए। आरोपितों के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# पटरियां पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जोरासी रेलवे स्टेशन के पास लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी ने मृतक का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

नीमकाथाना जिला के बसई गांव निवासी करीब 40 वर्षीय विकेश लाइनों को पार कर रहा था, जिससे वह अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया।

जीआरपी इंचार्ज कैलाश शर्मा ने बताया कि हादसा होने की सूचना मिलने के बाद जीआरपी चौकी से मौके पर पुलिस पहुंची। जहां पर पुलिस ने डेडबॉडी को अपने कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान जब पुलिस ने मृतक की जेब चेक की तो उसमें फोन नंबर मिले। जिन पर फोन करने से मृतक की पहचान गांव बसई निवासी विकेश कुमार के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि विकेश कुमार अविवाहित था। इसकी सूचना उन्होंने परिजनों को दी। शुक्रवार सुबह परिजनों के पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

### नहर में डूबने से मौत

*नारनौल। नजदीकी गांव नांगतिहाड़ी के पास नहर में एक व्यक्ति डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हुई है, मगर वह करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग लगता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के डेड हाउस में रखवा दिया है।*

# विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करके रफ्तार बढ़ाएं अधिकारीः डीएमसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

नगर पालिका कार्यालय में डीएमसी रणबीर सिंह ने पार्षदों की बैठक ली। जिसमें शहर के विकास कार्यों को रफ्तार देने पर विचार विमर्श किया गया। पार्षदों ने अधिकारियों पर लापरवाही बरतने तथा विकास कार्यों के सुझावों को अनदेखा करने के आरोप लगाए। जिस कारण लोगों को दूषित वातावरण व जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। डीएमसी ने वार्ड वाइज समस्याएं सुनने के बाद जल्द ही समाधान प्रक्रिया शुरू कराने का भरोसा दिया।

सरकार ने शहरों को वार्डों में विभाजित करके संपूर्ण विकास की रूपरेखा बनाई है। वार्ड पार्षदों के सुझाव और मार्गदर्शन से विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ानी संभव हो पाती है। इसलिए मेंबरों को पेयजल,



नांगल चौधरी। पार्षदों के साथ बैठक में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाने पर चर्चा करते डीएमसी रणबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छता, जलभराव, नालियों के निर्माण पर नजर रखनी जरूरी है। विभाग ने निर्धारित अवधि में हाउस की बैठक बुलाना जरूरी कर रखा है, जिसमें पार्षदों के साथ आम नागरिक भी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं।

उन्होंने नपा अधिकारियों को फोगिंग मशीन खरीदने तथा वार्ड वाइज स्प्रे कराने के निर्देश दिए। तर्क दिया कि ग्रीष्मकाल में कीटाणुओं का प्रज्जन बढ़ जाता है, जिस कारण संक्रमित व मच्छर जनित बीमारियां पनपने का अंदेशा बना रहता है। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए डीएमसी ने कहा कि विकास कार्यों में अनियमिताएं तथा धांधली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में वाइस चेयरमैन मुकेश शर्मा, पार्षद कंवर सिंह जाखड़, रिंकू सैनी, निहाल सिंह, धर्मबीर सिंह, रमेश, होशियार सिंह मौजूद रहे।

जिलाधीश ने जारी किए आदेश, मेहमानों के विवरण का रियल टाइम अपडेट होना जरूरी

# होटलों व धर्मशालाओं के लिए हर समय पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में चल रहे सभी होटलों, गेस्ट हाउसों, लॉज, धर्मशालाओं और होमस्टे संचालकों के लिए अब हरसमय पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत इस संबंध में कड़े आदेश जारी किए हैं। ये आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि कई आवास प्रतिष्ठानों ने अभी तक इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण नहीं कराया है। नए निर्देशों के अनुसार सभी मालिकों व प्रबंधकों को न केवल खुद को पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा, बल्कि वहां रूकने वाले हर मेहमान व आगंतुक की पूरी जानकारी भी प्रतिदिन समय पर अपडेट करनी होगी।

इन आदेशों का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाना और





नारनौल। पुलिस लाइन के सामने गैस एजेंसी के सामने लगी उपभोक्ताओं की कतार। फोटो : हरिभूमि

सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना है। जिलाधीश ने स्पष्ट किया है कि मेहमानों के विवरण का रियल टाइम अपडेट होना बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की निगरानी और जांच प्रभावी ढंग से की जा सके। उचित दस्तावेजीकरण न होने से सुरक्षा में चूक की संभावना बनी रहती है, जिसे रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिले के सभी संबंधित संचालकों को हिदायत दी गई है कि वे बिना किसी देरी के इस प्रक्रिया को पूरा करें।

### एलपीजी के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्त

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार जिला महेंद्रगढ़ में एलपीजी की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनाधिकृत उपयोग पर जिला प्रशासन सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। विभाग ने इसके लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के साथ साथ जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। यह जानकारी देते हुए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि प्रभावी निगरानी के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार को नारनौल, अटेली व नांगल चौधरी तथा सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी, सर्कल कार्यालय नारनौल पुरुषोत्तम को महेंद्रगढ़ कनीना व सतनाली के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि सर्कल कार्यालय नारनौल के लैंडलाइन नंबर 01282251249 को उपभोक्ताओं की एलपीजी से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

लाइफ Style

# वामिका

## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोजे रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोजे नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोजे नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'



# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



## उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

## किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सवेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप



### नववर्ष पर सेका में माता की चौकी आयोजित

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में वीरवार रात्रि को माता रानी की चौकी कृष्ण कुमार नंबरदार के निवास स्थान पर गांव सेका में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाईगर क्लब परिवार के संरक्षक जयप्रकाश अग्रवाल, प्रधान राकेश यादव, कार्यक्रम संयोजक टिटू सोनी, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम संयोजक कैलाश नंबरदार, श्रीचंद सैनी, प्रवीण यादव, सुनील शर्मा, ललित सैनी ने बताया कि सर्वप्रथम पुरोहित पंडित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन किया। गणेश वंदना म्यूजिशियन धारू ने की।

### मिलिट्री व सैनिक स्कूल में जाने के लिए सुनहरा अवसर

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में एडमिशन लेने के लिए 22 मार्च के दिन स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। मिलिट्री और सैनिक स्कूल में जाने के इच्छुक बच्चों के लिए यह सुनहरा अवसर है। इसके लिए बच्चों को 21 मार्च तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा या फिर एग्जाम से एक घंटा पहले स्कूल में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। एग्जाम का समय सुबह 9:30 से 11:30 का रहेगा। अंग्रेजी, मैथ्स, साइंस, सामाजिक विज्ञान, रीजनिंग विषय से प्रश्न पूछे जाएगे। स्कूल प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि जिन बच्चों को राष्ट्रीय मिलट्री सैनिक स्कूल राई स्पोर्ट्स के लिए तैयारी करनी है।

### नमिता मिश्रा ऑल इंडिया गेट परीक्षा में पाई 57वीं रैंक

**महेंद्रगढ़।** प्रतिभा और मेहनत का शानदार उदाहरण पेश करते हुए नमिता मिश्रा ने एकबार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चौक



मोहल्ला निवासी नमिता मिश्रा, जो कि सुनील मिश्रा की सुपुत्री हैं, ने आइआइटी गुवाहटी द्वारा आयोजित गेट लाइफ साइसेंज परीक्षा में ऑल इंडिया 57वीं रैंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इससे पहले भी नमिता अपनी मेधा का परिचय दे चुकी हैं। उन्होंने सीएसआर नेट जेआरएफ में ऑल इंडिया 83वीं रैंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक क्षमता को सिद्ध किया था।

### 26 को खेड़ी में बाबा रामसुखदास का मेला

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव खेड़ी में 26 मार्च को बाबा रामसुखदास बाबा रामस्नेही की पावन स्मृति में विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर नव निर्मित भव्य गुंबज एवं पवित्र समाधि का विधिवत अनावरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह नौ बजे से कन्या पूजन व प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी, जिनमें बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं की दौड़ प्रमुख आकर्षण रहेगी। विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। दोपहर बाद कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## पंचायतें निभाएं वाटर मैनेजर की भूमिका

# जल बैठकें कर गांव का पेयजल मैप तैयार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** महिलाओं व नलकूप चालकों को सम्मानित करती विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

■ पेयजल व्यवस्था को संभालने में भी महिलाओं की भूमिका अग्रणी

जल जीवन मिशन में जहां महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को संभालने में भी महिलाओं की भूमिका अग्रणी बनकर उभर रही है। यह बात जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने जल महोत्सव पखवाड़े के दौरान आयोजित महिलाओं के बतौर वाटर मैनेजर सम्मान समारोह में कही। उन्होंने बताया कि ग्राम जल एवं सीवरेज समिति में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं वाटर मैनेजर की भूमिका निभा रही हैं, जिन्हें जल सखी के रूप में भी जाना जाता है। ये महिलाएं गांव में पेयजल प्रबंधन, गुणवत्ता जांच, पेयजल शुल्क संग्रह, नए कनेक्शन प्रदान करने तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।

सिहमा खंड की मेई, हुडिना, रामपुरा, फैजाबाद, अकरपुर रामू, मित्रपुरा, शहरपुर, आजमनगर व सलूनी ग्राम पंचायतों को प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान पंचायतों को पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव की नई नीति के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि अब ग्राम पंचायतें स्वयं पेयजल व्यवस्था को संभालें और ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के माध्यम से बैंक खाते से लेन देन शुरू करें। जिला सलाहकार ने कहा कि ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की नियमित बैठकें कर गांव का पेयजल मैप तैयार किया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से बचा जा सके। जल की अधिकता के बावजूद पेयजल सीमित है, इसलिए उचित जल प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए ग्राम पंचायतों को आगे आकर पहल करनी होगी, जबकि तकनीकी सहायता के लिए जिला तकनीकी इकाई हमेशा तैयार है।

### प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी

नीति आयोग के एबी फेलो मणिप्रकाश ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का प्रत्येक सदस्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, तो गांव को स्वच्छ एवं सुजल बनाया जा सकता है। बीआरसी धर्मेंद्र ने जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीआरसी अशोक कुमार ने जल प्रबंधन के साथ रिकॉर्ड बुक व लॉग बुक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक गतिविधि का लिखित रिकॉर्ड रखना जरूरी है। जिला लैब से चेतन शर्मा ने फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता जांच की विधि समझाई। वहीं बीआरसी विक्रम सिंह ने मोटर व स्टार्टर के रखरखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर बीआरसी अनिता, इंद्रजीत, मोहित कुमार, पूजा रानी, नीशु, अशोक कुमार, विक्रम सिंह, धर्मेंद्र सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सदस्य उपस्थित रहे।

## आईआईटी जैम-2026 में आरपीएस डिग्री कॉलेज का शानदार परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

आईआईटी जैम-2026 का परिणाम घोषित हो गया है, जिसमें आरपीएस डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में कॉलेज के कुल 21 छात्रों ने सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

इस वर्ष के परिणामों में ममता ने फिजिक्स विषय में ऑल इंडिया रैंक 130 प्राप्त कर कॉलेज में शीर्ष स्थान हासिल किया। रश्मि ने केमिस्ट्री विषय में 227वीं रैंक तथा खुशी ने गणित विषय में 232वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। इसके अलावा पूजा ने 345वीं, ज्योति ने 367वीं तथा विवेक ने 510वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा और परिश्रम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अन्य सफल विद्यार्थियों ने भी बेहतर रैंक प्राप्त कर संस्थान की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। तमन्ना ने ऑल इंडिया रैंक 561, ज्योति ने 732, रितिका ने 814, निक्की ने 1039, महक ने 1158 तथा ज्योति ने 1341 रैंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। इन सभी विद्यार्थियों की सफलता ने न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों को सिद्ध किया, बल्कि कॉलेज के शैक्षणिक माहौल और मार्गदर्शन की गुणवत्ता को भी दर्शाया।


## एमएलएस डीएवी स्कूल में किया सामूहिक हवन



**नारनौल।** आर्य समाज स्थापना सप्ताह के शुभारंभ के द्वितीय दिवस पर एमएलएस डीएवी स्कूल में सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से हवन की पवित्र अग्नि में आहुति दी। उन्होंने दयानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की शपथ ली तथा उनकी शिक्षाओं व उनके आदर्शों से समाज में जागरुकता फैलाने की शपथ ली।

## सूरज कॉलेज की छात्रा उमंग ने पूरे विवि में पाया तीसरा स्थान

■ बीएससी मेडिकल के पांचवें सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया



बीएससी मेडिकल के उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं।

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर द्वारा बीएससी मेडिकल के पांचवें सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बीएससी मेडिकल की छात्रा उमंग पुत्री विजय सिंह ने 90.20 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में तृतीय एवं पूरे कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स का छात्र प्रशांत कौशिक पुत्र दर्शन कौशिक ने 84.90 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में द्वितीय एंव आरती पुत्री रविन्द्र कुमार ने 83.30 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा निशू कुमारी पुत्री जसविन्द्र ने 82.40 प्रतिशत, तन्नु पुत्री कृश्ण कुमार ने 81.80 प्रतिशत, प्राची पुत्री सूरत सिंह ने 76.00 प्रतिशत, हिमांशी पुत्री योगवर्थ ने 75.10 प्रतिशत, मुस्कान पुत्री बलवान सिंह ने 72.70 प्रतिशत, रितु पुत्री कृश्ण कुमार ने 71.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण होने में सफल रहे। कॉलेज प्राचार्य डा. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। कॉलेज के निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## श्रीकृष्णा स्कूल में चला जूनियर खिलाड़ियों का बाक्सिंग ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** राज्य स्तरीय पर चयनित बाक्सिंग खिलाड़ी एव डा. कविता राव।

श्रीकृष्णा स्कूल में खेल प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जूनियर और सब जूनियर बॉक्सिंग ट्रायल का शानदार आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में जिलेभर से आए मुक्केबाजों ने रिंग में अपना दमखम दिखाया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। श्रीकृष्णा स्कूल के सीईओ कर्मवीर राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। कोच महीपाल यादव और उत्तम सिंह की देखरेख में आयोजित इन ट्रायल्स की शुरुआत मुख्य अतिथि कर्मवीर राव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलवाकर और उन्हें खेल भावना के साथ खेलने का आशीर्वाद देकर की।

सब जूनियर वर्ग के परिणाम के सब जूनियर श्रेणी में कड़े मुकाबलों के बाद रक्षित 30.33 किग्रा, दीपांशु 33.35 किग्रा, लक्ष्मीनारायण, 35.37 किग्रा और हर्षित तंवर, 37.40 किग्रा ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं अमन यादव 40.43 किग्रा, यश यादव 43.46 किग्रा, आदित्य 46.49 किग्रा, विक्रांत 49.52 किग्रा, कार्तिक 52.55 किग्रा और मयंक 70 किग्रा ने भी अपने-अपने भार वर्ग में चयनकर्ताओं को प्रभावित करते हुए राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। जूनियर वर्ग में भी मुक्केबाजों ने अपनी तकनीक और फुर्ती का लोहा मनवाया।

## न्यूज डायरी



### हकेंवि के एस. रामानुजन पुरुष छात्रावास में हॉस्टल डे मनाया

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के एस. रामानुजन पुरुष छात्रावास में दो दिवसीय बॉयज हॉस्टल डे-2026 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, बॉयज प्रोवोस्ट राजेंद्र मीणा एवं गर्ल्स प्रोवोस्ट मोना शर्मा सहित ही विभिन्न छात्रावासों के वार्डनों एवं शिक्षकों की सहभागिता रही।



### नवसंवत्सर व प्रथम नवरात्र पर किया यज्ञ

**नारनौल।** लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ एवं मातृशक्ति यज्ञ समिति के तत्वावधान में नव संवत्सर पर हुडा सेक्टर में चलाई जा रही नियमित योग कक्षा में 63वीं यज्ञ व योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 22 हजार 515वां पौधा भी भेंट किया। यज्ञ उपरांत मातृशक्ति ने नव वत व नवरात्रों के मातृशक्ति वंदन के परंपरागत लोकगीत गाए और समाज की खुशहाली तथा बेटियों की सुरक्षा एवं शक्तिकरण की मंगलकामना की। यज्ञ संयोजिका समाजसेविका डॉ. कृष्णा आर्या ने बताया कि यज्ञ व योग जैसे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भूमिका सुनिश्चित करते हुए मातृशक्ति टीम की ओर से शुभ अवसरों पर नियमित रूप से यज्ञ करवाए जा रहे है।

### नवसंवत्सर पर कैलाश नगर समिति ने किया हवन



**नारनौल।** कैलाश नगर विकास समिति के तत्वावधान में नवसंवत 2083 के आगमन पर यज्ञ का आयोजन रेवाड़ी रोड स्थित पैराडाइज गार्डन में किया गया। सचिव नरोत्तम सोनी ने बताया कि प्रति वर्ष नवसंवत के अवसर पर समिति की ओर से जनजागरण हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है, ताकि आमजन हमारे वर्ष की सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखे। यज्ञ के ब्रह्मा हंसमुनि ने भारतीय काल गणना व सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि वर्ष परिवर्तन का वास्तविक और वैज्ञानिक दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ही है। उन्होंने तर्क दिया कि इसी दिन ईश्वर ने सृष्टि की रचना की थी, जिसका प्रमाण हमें प्रकृति में होने वाले नवपरिवर्तनों से मिलता है। बालकिशन सैनी ने बताया कि जब प्रकृति स्वयं को नए रंग में ढालती है।

## शिव हाई स्कूल कमानिया के 3 विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय में मिला प्रवेश

■ मेधावी बच्चों को स्कूल के चेयरमैन ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



**नांगल चौधरी।** मेधावी बच्चों को सम्मानित करती स्कूल की प्रबंधन कमेटी।

शिव हाई स्कूल कमानिया के तीन विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। मेधावी बच्चों को स्कूल के चेयरमैन अनिल स्वामी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता में प्राचार्य मोहनलाल ने की। उन्होंने बताया कि दिसंबर महीने में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रशासन ने ब्लॉक वाइज प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया था। निर्धारित सीटों पर 20 हजार से अधिक बच्चों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें शिव हाई स्कूल के आठ विद्यार्थी शामिल हैं।

परीक्षा परिणाम में स्कूल की छात्रा महक पुत्री रविदत्त, अक्षत पुत्र धर्मेंद्र ने 94 फीसदी अंक लेकर सफलता हासिल की है। तीन बच्चों ने 86 फीसदी अंक लिए हैं, लेकिन सामान्य कटेगिरी की कट ऑफ अधिक रहने से प्रवेश नहीं मिल पाया। मेधावी बच्चों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर शिक्षक सतीश कुमार, सुमित कुमार, छोटेलाल, उगंता, कविता, पूजा, मंजीता आदि मौजूद रहे।

## सरकार दें किसानों को आर्थिक सहायता: राव सुखबिंद्र सिंह



**नारनौल।** डीएचबीवीएन पूर्व अधीक्षण अभियंता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राव सुखबिंद्र सिंह ने कहा है कि नारनौल सहित पूरे महेंद्रगढ़ जिले में बेमौसम बारिश के कारण गेहूं व सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी गेहूं व सरसों की फसल बुरी तरह खराब हो गई है, जिससे किसान बेहद दुखी और मायूस हैं। राव सुखबिंद्र ने कहा कि यह बारिश किसानों के लिए किसी त्रासदी से कम नहीं है। उनकी मेहनत और उम्मीदों पर पानी फिर गया है, जिससे उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

शुक्रवार प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में किसानों को किसान विरोधी सरकार की नीतियों के साथ साथ प्राकृतिक आपदा का भी सामना करना पड़ रहा है। जिससे किसान की स्थिति नाजुक और दयनीय है। इस संकट की घड़ी में उन्हें जल्द से जल्द राहत की सख्त जरूरत है। जिससे किसान वर्ग पर किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े। राव ने हरियाणा सरकार से मांग कि किसानों की फसलों का निरीक्षण कर इलाके की गिरदावरी करवाई जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस मुश्किल दौर से उबर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द से जल्द राहत पहुंचाने का काम करें।

## देश के विभिन्न कोनों से श्रद्धालु भक्त आकर माता के दरबार में मांगते हैं मन्नतें

# महासर वाली माता का मेला शुरू, 27 मार्च तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** गढ़ी-महासर स्थित माता का सजा हुआ मंदिर। फोटो : हरिभूमि

अटेली क्षेत्र के गांव गढ़ी-महासर स्थित महासर माता का नवरात्रों के प्रारंभ से माता की पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। मेले में चैत्र माह के नवरात्रों के शुरू होने पर भक्तगण समापन 27 मार्च तक अपनी मन्नतें मांगेंगे। माता के दरबार में से जात-जडूले ज्यादा उतारे जाते हैं तथा नवमी तक यह सिलसिला जारी रहता है। इस स्थान पर किवदंती है कि इस स्थान पर दुर्गा माता मंदिर में पांडवों ने अपना खोया हुआ वैभव पाने के लिए द्वारिकाधीश के आदेश पर पूजा अर्चना की थी। इस मेले में आसपास के क्षेत्रों के ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न कोनों से श्रद्धालु भक्त आकर माता के दरबार में अपनी मन्नतें मांगते हैं। महासर मंदिर निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्रीधर गुप्ता ने बताया कि वैष्णो देवी की तरह ही पिंडी रूप में प्रकट हुई थी। यह मंदिर करीब एक हजार साल पुराना है। मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य जनवरी 2010 में शुरू हुआ था जो अब भव्य रूप से बन गया है। मंदिर में साल के दो नवरात्रों में भव्य मेले लगते है तथा देश के विभिन्न कोनो से लाखों भक्त श्रद्धापूर्वक यहा आकर अपनी मिन्नते मांगते है। संजय शास्त्री ने बताया कि मंदिर में आने वाले भक्तजनों की सुविधा के लिए मंदिर के समीप साल के हर दिन भंडारा चलता रहता है। माता के स्थान पर शतचंडी यज्ञ भी नौ दिनों तक चलेगा। माता मंदिर में स्थित जोहड़ को सरोवर में बनाया गया है इसके अलावा मेन गेट का भव्य द्वारा भी स्थापित कर दिया है। दूरदराज से माता के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी व असुविधा न हो इसके लिए मंदिर के नजदीक पोखर के नजदीक तीन मंजिला वाली वातानुकूलित धर्मशाला बनी हुई है। धर्मशाला में पूजा अर्चना के लिए भगवती भवन बनाया हुआ है। ट्रस्ट की मंदिर के साथ बने जोहड़ को सरोवर बना दिया गया है।

### सरस्वती स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा कल

**नांगल चौधरी।** सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 22 मार्च को स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन प्राचार्या वंदना यादव की अगुवाई में होगा। जिसमें टॉपर रहे विद्यार्थियों को दाखिला शुल्क में 50 से 100 फीसदी तक छूट दी जाएगी। प्राचार्या वंदना यादव ने बताया कि रविवार सुबह नौ बजे तक पंजीकरण कराने की सुविधा रहेगी। इसके बाद 10 बजे परीक्षा शुरू होगी, जिसके लिए कक्षा वाइज साइंस, मैथ, अंग्रेजी, हिंदी का प्रश्न पत्र तैयार किया गया है। निर्धारित अंकों का प्रश्न पत्र डेढ़ घंटे में करना अनिवार्य रहेगा। बच्चों की सुविधा के लिए सभी रूटों पर वाहनों की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**सरपंच ग्राम पंचायत -मूलोदी**
**खाण्ड - नांगल चौधरी**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 6.4.2026 को प्रातः 11 बजे आम स्थान जोहड पर ग्राम पंचायत मूलोदी के जोहड को मछली पालन हेतु 5 वर्षों के लिए पट्टे पर छोडा जाएगा। जिसक लिए निम्नलिखित शर्तें होंगी।
1 पट्टे की सिक्योरिटी राशि 5000 रुपए होगी।
2 पट्टा 5 वर्षों के लिए छोडा जाएगा।
अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत मूलोदी, खण्ड नांगल चौधरी

**दी खटोटी कलां बहुउदेश्य प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. खटोटी कलां**

सभी कमेटी मैम्बरों व सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दी खटोटी कलां बहुउद्देश्य प्राथमिक कृषि सहकारी समिति खटोटी कलां की आम सभा की बैठक दिनांक 27.03.2026 को दिन शुक्रवार समय प्रातः 11 बजे समिति के कार्यालय प्रांगण में होनी निश्चित हुई है। अतः आप से अनुरोध है कि आप सभी निशिचत तिथि समय व स्थान पर पहंचे।

प्रबंधक
दी खटोटी कलां प्राथमिक कृषि सहकारी समिति खटोटी कलां

## खबर संक्षेप



### जानलेवा हमले में 2 और आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** नांगल चौधरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव दोस्तपुर में अवैध खनन व पेड़ों की कटाई का विरोध करने पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस एक आरोपित विनय कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपितों की पहचान साहिल व अजय निवासी दोस्तपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इन आरोपितों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, एक मोबाइल फोन व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### 22 को मनाया जाएगा विश्व जल दिवस

**नारनौल।** 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाएगा। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पानी की महत्ता समझाना और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। हरियाणा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने बताया कि साल 2026 के लिए इस बार का मुख्य विषय जल व जेंडर रखा गया है। इसका मतलब है कि पानी के सही प्रबंधन और इसे बचाने के फैसलों में महिलाओं तथा बेटियों की भूमिका को बढ़ाना बहुत जरूरी है।

### पूर्व विधायक जावली का स्मृति समारोह 5 को

**नारनौल।** पांच अप्रैल को अलवर जिला के गांव कोठी नारायणपुर जिरावली में मनाए जा रहे पूर्व विधायक ठाकुर रघुबीर सिंह जावली राष्ट्रीय स्मृति समारोह में जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। महासभा जिला प्रधान सूबेदार मेजर मदन सिंह तंवर ने बताया कि स्मृति समारोह के मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत बानसूर, हरियाणा के प्रमुख समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट, पूर्व शाहपुरा रियासत की रानी साहिबा रत्ना कुमारी व विक्रम सिंह बनेठी होंगे।

*सांसद की पैरवी से सिरे चढ़ा मामला, सीएम को पत्र लिखकर सामान जल्द उपलब्ध कराने का किया अनुरोध*

# 123 करोड़ से सुधरेगी जिले की बिजली सप्लाई व्यवस्था उपभोक्ताओं को मिलेगी सुविधा, सरकार से बजट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिले की बिजली सप्लाई व्यवस्था को सुधारने के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से 123 करोड़ की राशि मंजूर हुई है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह को जिले के अनेक हिस्सों से बिजली से संबंधित शिकायतें लगातार मिल रही थी। विशेष रूप से खेतों में सप्लाई में बार–बार कट लगने एवं वोल्टेज कम रहने की शिकायतें बहुत



**महेंद्रगढ़।** पॉवर हाउस। फोटो: हरिभूमि

थी। सांसद धर्मबीर सिंह के निर्देश पर बिजली निगम ने पूरी सप्लाई व्यवस्था में सुधार करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई। अब इसके लिए पैसे की मंजूरी आ गई है तथा विभाग की तरफ से नौ अलग–अलग टेंडर लगाकर काम भी अलॉर्ट कर दिया है। इस पूरे कार्य के अंतर्गत जहां एक तरफ ओवरलोड की समस्या का समाधान होगा, वहीं बार-बार लगने वाले कट भी कम होंगे। इसके अंतर्गत खेतों की बिजली सप्लाई के नए फीडर भी बनाए जाएंगे तथा लटकते तारों की समस्या के समाधान के लिए नौ एवं 11 मीटर ऊंचाई के नए खंभे भी लगाए जाएंगे।

### यह लगेगा मैटिरियल

| | |
|---|---|
| 9 मीटर ऊंचाई के खंभे : | 11716 |
| 11 मीटर ऊंचाई के खंभे : | 4131 |
| कंडक्टर केबल की कुल लंबाई : | 2435 किलोमीटर |
| 50 मीमी की केबल की कुल लंबाई : | 67 किमी |
| 95 मीमी की केबल की कुल लम्बाई : | 410 किमी |
| 120 मीमी की केबल की कुल लम्बाई : | 268 किमी |
| 185 मीमी की केबल की कुल लम्बाई : | 4 किमी |

इस कार्य में लेबर व इक्विपमेंट यूजेज पर 16.78 करोड़ का खर्च आएगा। बाकी सारा मैटिरियल विभाग की तरफ से मुहैया करवाया जाएगा तथा उसका भुगतान सीधा विभाग को होगा।

### ये सब-स्टेशन होंगे अपग्रेड

औद्योगिक क्षेत्र नारनौल, अटेली, दुबलाना, नांगल सिरोही, आजम नगर, कांटी, भीलवाड़ा, गढ़ी महासर, बजाड़, लहरोदा, ढाणी बाठोठा, शोभापुर, निजामपुर, दौखेरा, भुंगारका, खटोटी, माजरा कलां, सेहलंग, पाली, जेरपुर, जांट, श्यामपुरा, सतनाली बास, बारड़ा, गोमला, सुरेहती जाखल, खेड़ी, बवानिया, पाथेड़ा, भोजावास, आकोदा, खुड़ाना, करीरा, रामबास, सीहोर, सुंदरह, गुढ़ा, आदि में होगे अपग्रेड।

### ये पावर हाउस होंगे अपग्रेड

अटेली, मुंडिया खेड़ा, नांगल चौधरी, सतनाली, कनीना

220 केवी पावर हाउस होंगे अपग्रेड:
–नारनौल एवं महेंद्रगढ़ के पॉवर हाउस अपग्रेड होंगे।
–27 नए फीडर भी बनेंगे, इसमें से 20 खेतों की बिजली सप्लाई के लिए होंगे तथा 7 घरेलू सप्लाई के लिए।

घरेलू सप्लाई के लिए बनाए जाने वाले नए फीडर
गोद-II, खतरीपुर-II, सीहमा-II, नांगल चौधरी सिटी-II, उनिंदा, अटेली शहर-II, स्याना।

## मौसम के बदले मिजाज ने कराया ठंड का अहसास, जल्द मिलेगी निजात

# बेमौसम बारिश से गेहूं-सरसों की फसलों को नुकसान, मुआवजा दिलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। हाल ही में हुई बारिश व हवाओं के कारण गेहूं की खड़ी फसल खेतों में गिर गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। खेतों में फसल पूरी तरह से जमीन पर बिछी हुई दिखाई दी। कई जगहों पर कटाई के लिए तैयार फसल भी भीगकर खराब हो गई है। बारिश के कारण फसल की गुणवत्ता पर असर पड़ा है, जिससे उत्पादन व बाजार भाव दोनों पर असर पड़ने की आशंका है।


किसानों का कहना है कि इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन अचानक मौसम बदलने से सारी मेहनत बेकार हो गई। जिन किसानों ने फसल काटकर खेत में रखी थी, उनकी उपज भी भीगकर खराब हो गई है। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की स्थिति में दाने काले पड़ने व सड़ने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे फसल की कीमत कम हो जाती है। किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते सहायता नहीं मिली, तो आर्थिक संकट गहरा सकता है। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मौसम साफ होने की संभावना जताई है, लेकिन किसानों की चिंता अभी भी बनी हुई है।

**जिले में वीरवार रात से शुक्रवार सुबह 9 बजे तक हुई बारिश**



**नारनौल।** खेत में पड़ी कटाई की गई सरसों। व बारिश से बचाने के लिए एकत्रित की गई सरसों पर डाला तिरपाल। फोटो: हरिभूमि

### बारिश ने मेहनत पर फेर दिया पानी



किसानों के अनुसार, गेहूं, सरसों व सब्जियों की फसल पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। कई जगहों पर खेतों में पानी भर जाने से फसलें गिर गई हैं और सड़ने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द मौसम साफ नहीं हुआ, तो नुकसान और बढ़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि अधिक नमी के कारण फसलों में रोग लगने का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों से पानी की निकासी का उचित प्रबंध करें और फसलों की नियमित निगरानी रखें।

### क्या कहते है मौसम विशेषज्ञ

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि एक मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी व मैदानी राज्यों में विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश, तेज गति की हवाओं के साथ बूंदाबांदी ने मौसम के मिजाज को बदल दिया। जिससे गर्मी में सर्दी का अहसास होने लगा है। वहीं उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 21 मार्च को सक्रिय होने से 23 मार्च को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान बादलवाही के साथ बूंदाबांदी की संभावना है।

### जिले में बदलें मौसम के मिजाज

जिले पर मौसम प्रणाली का असर देखने को मिला। यहां पर 18 मार्च व 20 मार्च की अलसुबह से ही बारिश, बूंदाबांदी हुई। जिसने मौसम के मिजाज को बदल दिया और आमजन को गर्मी से ठंड का अहसास होने लगा है। जिले में सबसे ज्यादा बारिश नारनौल में 14.0 एमएम, महेंद्रगढ़ में 9.5 एमएम, कनीना में 5.0 एमएम, अटेली में 8.5 एमएम, नांगल चौधरी में 10.5 एमएम, सतनाली में 11.0 एमएम दर्ज हुई। वहीं जिले दिन व रात के तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किए गए।

### किसानों को उचित मुआवजा दे सरकार: नरेंद्र

**नारनौल।** हरियाणा में हाल ही में हुई बेमौसम बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर नारनौल एवं दक्षिण हरियाणा के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों की फसलों का जायजा लिया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि असमय बारिश ने रबी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी गेहूं व सरसों की फसल बुरी तरह गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले से ही बढ़ती महंगाई और लागत के बोझ तले दबे किसानों पर यह प्राकृतिक मार किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान इस समय दोहरी मार झेल रहा है, एक ओर खेती की बढ़ती लागत व दूसरी ओर प्राकृतिक आपदाओं का प्रहार। राव ने सरकार से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र गिरदावरी करवाई जाए और नुकसान का सही आकलन करते हुए किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने प्रशासन से भी आग्रह किया कि जमीनी स्तर पर पारदर्शिता के साथ सर्वे कर वास्तविक पीड़ित किसानों तक राहत पहुंचाई जाए।



### अटेली में बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता



**मंडी अटेली।** क्षेत्र में अचानक बदले मौसम व पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हुई बारिश व तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिरने लगी है। इस समय गेहूं की फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन बारिश और हवा के चलते फसल जमीन पर बिछने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका सताने लगी है। कई गांवों में जलभराव की स्थिति बनने से समस्या और गंभीर हो गई है। इस बारे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने कहा कि बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों ने कई महीनों मेहनत कर फसल तैयार की थी, लेकिन अचानक मौसम खराब होने से उनकी सारी मेहनत बेकार होती नजर आ रही है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा और उनकी स्थिति कमजोर होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में जल्द गिरदावरी करवाई जाए और नुकसान का सही आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### बारिश से रबी फसलों को नुकसान: बलबीर



**नारनौल।** तेज हवा और बारिश से प्रदेश के विभिन्न जिलों में सरसों एवं गेहूं की फसलों को हुए भारी नुकसान पर किसान संगठन ने गहरी चिंता व्यक्त की है और प्रदेश सरकार से तत्काल प्रभाव से किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसान संगठन के किसान नेता कामरेड बलबीर सिंह ने जारी बयान में बताया कि हाल ही में आई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

# विद्यार्थियों को पोधरोपण, जल संरक्षण व प्लास्टिक उन्मूलन पर किया जागरूक

**कार्यक्रम में 30 नोडल अधिकारियों समेत 150 अधिकारियों ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत पर्यावरण अध्ययन विभाग द्वारा 'सतत एवं जलवायु-संवेदनशील भविष्य के लिए प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीक' विषय पर तीसरे दो दिवसीय राष्ट्रीय ईएनओ सम्मेलन का समापन हो गया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए लगभग 30 पर्यावरण नोडल अधिकारियों (ईएनओ) सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, पर्यावरणीय नैतिकता, पारिस्थितिकी संरक्षण एवं तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रतिभागियों द्वारा 60 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, डॉ. अनूप यादव, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. दुष्यंत, डॉ. खेराज, डॉ. अनीता कुमारी आदि उपस्थित रहे। गोपाल आर्य ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक उन्मूलन को पर्यावरण संरक्षण के तीन प्रमुख उपाय बताया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों जैसे खाद्य एवं जल संकट, आपदाओं के कारण विस्थापन पर भी जानकारी प्रदान की।


**महेंद्रगढ़।** समापन पर सर्टिफिकेशन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# सीआईए ने देशी पिस्तौल के साथ किया आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध हथियार के साथ एक आरोपित को पकड़ा है। सीआईए ने गश्त के दौरान प्राप्त गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांव सेका के पास स्थित 148 बी हाईवे अंडरपास के नजदीक से एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सोनू निवासी गांव सेका थाना सदर के रूप में हुई है। पुलिस टीम जब गांव कोजिंदा स्कूल के पास गश्त पर तैनात थी, तभी गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और मौके से आरोपित सोनू को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपित के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद हथियार व कारतूस को कब्जे में लेकर सील कर दिया है। इस मामले में आरोपित के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



# वरीयता के आधार पर शिकायतों का करें समाधान, प्रधान ने दिए निर्देश

**बैठक में सफाई एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के सुधार पर दिया विशेष जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगरपालिका में शुक्रवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता नगरपालिका प्रधान रमेश सैनी ने की। बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को सुचारू एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। आमजन की शिकायतों का समाधान वरीयता के आधार पर करने के निर्देश दिए गए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। सफाई व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही शहर में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए, ताकि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता न हो। पूछताछ केंद्र को प्रभावी एवं सक्रिय बनाने, एनडीसी को निर्धारित समय सीमा में जारी करने तथा अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। नगरपालिका की आय को सुदृढ़ करने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली में तेजी लाने और सड़कों के गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, नगरपालिका कार्यालय में आने वाले आमजन के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई।


महेंद्रगढ़। पालिका की बैठक लेते प्रधान रमेश चंद सैनी। फोटो: हरिभूमि

**समस्या** नारनौल स्टेशन पर होगा तीन अतिरिक्त ट्रेनों का ठहराव

# दौसा रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, रेल यातायात रहेगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मण्डल के जयपुर-बांदीकुई रेलखण्ड पर स्थित दौसा स्टेशन पर नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से): गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा पांच अप्रैल को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा पांच अप्रैल को रद्द रहेगी। आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से): गाड़ी संख्या 51973 मथुरा-जयपुर रेलसेवा पांच अप्रैल को मथुरा से प्रस्थान करेगी, यह अलवर तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा अलवर-जयपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 51974 जयपुर-मथुरा रेलसेवा पांच अप्रैल को जयपुर के स्थान पर अलवर से संचालित होगी अर्थात यह रेलसेवा जयपुर-अलवर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12195 आगरा फोर्ट-अजमेर रेलसेवा पांच अप्रैल को आगरा फोर्ट से प्रस्थान करेगी, यह बांदीकुई तक ही संचालित होगी।



नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो: हरिभूमि

### ये रेलगाड़ियां होंगी प्रभावित

मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से): गाड़ी संख्या 12915 साबरमती-दिल्ली रेलसेवा चार अप्रैल को साबरमती से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा चार अप्रैल को काठगोदाम से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीम का थाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करगी। गाड़ी संख्या 20964 वाराणसी-साबरमती रेलसेवा चार अप्रैल को वाराणसी से प्रस्थान करेगी।

# जैलाफ में मुख्य रास्ते पर कीचड़ जमा, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव के मुख्य रास्ते की बदहाल स्थिति को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। मुख्य रास्ते की बदहाली में रात की बारिश ने और भी गम्भीर रूप धारण कर लिया। जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने मुख्य रास्ते पर ही विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया तथा गांव के मुख्य रास्ते, गांव की गलियां, गलियारों, गांव की फिरनी के शीघ्र निर्माण की मांग की। इस अवसर पर गांव के मुख्य रास्ते सहित गलियां, गलियारों व गांव की फिरनी रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत सदस्य मुकेश कुमार पंच व तिलोक चन्द पंच ने बीडीपीओ के नाम ज्ञापन ग्राम सचिव रवि को सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत, उमराव, अमर सिंह, लीलाराम, शीशराम, कमला, सुनील, घनश्याम आदि ग्रामीणों ने कहा कि जैलाफ में गांव के मुख्य रास्ते, गलियारे, गांव की गलियां व फिरनी का रास्ता बेहद उबड़ खाबड़ तथा रात में बारिश होने से रास्ते के गड्ढों में जलभराव हो गया है। गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे व दिव्यांग तथा दोपहिया वाहन इन रास्तों व गड्ढों से चलने पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गांव के बेहद खराब इन रास्तों, गलियों, मुख्य रास्ते से पैदल, दोपहिया वाहन व छोटे साधन भी नहीं निकल सकते है। इस प्रकार इन उबड़ खाबड़ रास्तों से विकलांग, बच्चों व बुजुर्ग महिलाओं तथा पुरुषों का तो घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। अतः ब्लाक के गांव जैलाफ में मुख्य रास्ते, फिरनी व उबड़ खाबड़ गलियों व गलियारों का निर्माण जनहित में अतिशीघ्र करवाया जाना निहायत जरूरी है।



**नारनौल।** गांव जैलाफ में मुख्य रास्ते में जमा पानी। गांव जैलाफ में प्रदर्शन करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### गांव के इन रस्तों को ठीक करवाने की मांग

ग्रामीणों ने गांव के रास्तों को जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की है। जिसमें गांव का मुख्य रास्ता भईयां बाबा से आश्रम तक, रामफल सरपंच के घर से गोपी के घर तक, मुकेश वैद्य के घर से फिरनी रोड तक, कुलदीप पंच के घर से आशा के घर से फिरनी तक, दया, मेहर चंद होलदार के घर से कैलाश के घर तक तथा वहां से पानी की टंकी तक, रतीराम पूर्व सरपंच, मनोज पूर्व सरपंच, विकास, शेरा, रमेश व योगेश के घर तक, फिरनी ढाबा से होली वाली टंकी तक, हीरामल जी आश्रम से तेजा की ढाणी तक के रास्ते शामिल है।